हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शनिवार, 4 अक्टूबर, 2025

11 कालांवाली में अवैध झुग्गी-झोपडियों पर चला पीला पंजा



11 विद्यार्थियों ने सड़क नियमों के पालन का लिया संकल्प



## खबर संक्षेप

### निबंध प्रतियोगिता, स्नेहा ने पाया प्रथम स्थान

**फतेहाबाद।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भोडिया खेड़ा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जयंती अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान संस्थान के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता, सांप्रदायिक सद्भावना, शांति और प्रेम को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही महात्मा गांधी के जीवन पर निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन करवाया गया, जिसमें स्नेहा ने प्रथम, हेमराज ने द्वितीय और मोनिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### फर्जी नौकरी दिलाने के नाम पर की साइबर ठगी

**फतेहाबाद।** फर्जी नौकरी दिलाने के बहाने बैंक खातों की किट लेकर साइबर ठगी करने के मामले में साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के दिशा-निर्देशन में साइबर अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद पुलिस द्वारा की गई।

### हेरोइन तस्करी मामले में मुख्य सप्लायर काबू

**फतेहाबाद।** नशा तस्करों के खिलाफ अभियान में रतिया पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट से जुड़े एक मामले में मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार किया है। थाना शहर रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक रणजीत सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने आरोपी संजय सिंह पुत्र गुलाब सिंह, निवासी बबनपुर, को गिरफ्तार किया। इस मामले में 28 अगस्त को पुलिस ने मुख्य आरोपी शमशेर सिंह उर्फ शेरु पुत्र शेरी सिंह, निवासी ढाणी शेरगढ़, रतिया को अरोड़ा कॉलोनी के पास से गिरफ्तार किया था। तलाशी में आरोपी से 10.01 ग्राम हेरोइन बरामद हुई थी।

### बैजलपुर सरपंच को जान से मारने की धमकी

**फतेहाबाद।** गांव बैजलपुर में आयोजित पंचायत के दौरान सरपंच हेमंत बैजलपुरिया को जान से मारने की धमकी देने के मामले में थाना भुना पुलिस ने तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिलाओं की पहचान प्रियंका पुत्री महेन्द्र, सुमन पत्नी ईश्वर तथा अनीता पत्नी महेंद्र निवासी गांव बैजलपुर, जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है।

### किशोरी को ले जाने वाला पुलिस ने दबोचा

**फतेहाबाद।** नाबालिग लडक़ी को बहला-फुसलाकर भगाने के मामले में थाना शहर टोहाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर सफलता हासिल की है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी चंकी उर्फ अजय पुत्र धर्मपाल उर्फ लाला राम निवासी वार्ड नं. 9, टोहाना को गोहाना से काबू किया। शिकायतकर्ता बताया कि उसकी नाबालिग बहन अचानक लापता हो गई थी।

### पिकअप लेकर आए थे चोर, शोरूम कर गए खाली, जांच में जुटी पुलिस

# माजरा फैशन कैम्प से 70 लाख का कपड़ा चोरी, वारदात सीसीटीवी में कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

**सुबह दुकान का सटर टूटा होने पर मालिक को वारदात का चला पता**

गांव माजरा में देर रात चोरों ने कपड़ों के एक शोरूम को अपना निशाना बनाते हुए वहां से लाखों रुपये के कपड़े चोरी कर लिए। चोरी की पूरी घटना शोरूम में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है जिसमें 4-5 नकाबपोश युवक बोरों में कपड़े भरते नजर आ रहे हैं। शोरूम मालिक शुक्रवार सुबह जब दुकान पर पहुंचा तो उसने देखा कि दुकान का शट्टर टूटा हुआ था और लाखों का सामान गायब था। इस पर दुकान मालिक ने तुरंत डायल 112 पर सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी है। चोरी की इस घटना के बाद माजरा में कपड़ा शोरूम संचालकों में काफी रोष है। काफी संख्या में दुकानदार शुक्रवार को थना सदर फतेहाबाद में पहुंचे और शिकायत देकर चोरों को जल्द पकडऩे की मांग की। शोरूम मालिक के अनुसार, चोर शोरूम से 70 लाख रुपए से ज्यादा का सामान चोरी कर ले गए है। यह शोरूम मात्र दो महीने पहले ही खुला है।








**फतेहाबाद।** गांव माजरा में कपड़ों के शोरूम में हुई चोरी, चोरी बारे जानकारी देता शोरूम मालिक व सीसीटीवी में कैद चोरों की फोटो। *फोटो: हरिभूमि*

### बोलेरों में कपड़ा भरते दिख रहे चोर

फतेहाबाद चार मरला कालोनी स्थित रिवाज गारमेंटस के वधवा ब्रदर्स ने दो माह पूर्व गांव माजरा में माजरा फैशन कैम्प के नाम से कपड़ों का विशाल शोरूम खोला था। शोरूम मालिक अक्षित वधवा ने बताया कि आधी रात के बाद करीब पौने तीन बजे कुछ नकाबपोश युवक आए। इन्होंने शोरूम के पिछले शट्टर को सबल की मदद से तोड़ दिया और अंदर जा घुसे। चोर अपने साथ पिकअप गाड़ी लेकर आए थे। शोरूम में घुसते ही चोरों ने बोरों में कपड़ों के भरना शुरू कर दिया और कुछ ही समय में लाखों रुपये का सामान बोरों में भरकर बाहर आए और पिकअप में सवार होकर मौके से फरार हो गए। शोरूम संचालक के अनुसार सुबह जब वह दुकान पर पहुंचा तो उसे चोरी का पता चला। चोरों ने शोरूम के बाहर लगे कैमरों को तोड़ दिया जबकि अंदर लगे कैमरों में चोरी की वारदात कैद हो गई। अक्षित ने बताया कि उसने अंदर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज जांची जिसमें नकाबपोश युवक चोरी करते नजर आए। चोरी की सूचना मिलते ही काफी संख्या में दुकानदार और ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए। बाद में शोरूम संचालक ने डायल 112 पर चोरी की सूचना दी। इसके बाद पुलिसकर्मी मौके पर आए और जांच शुरू कर दी है।

### हरियाणा, पंजाब, राजस्थान से लोग खरीददारी करने आते हैं माजरा

फतेहाबाद से 6 किलोमीटर दूर गांव माजरा में आज से एक दशक पूर्व प्रेम वस्त्र भण्डार कपड़े की दुकान थी। यह दुकान एक डिपू की तरह चलती थी। इसके मालिक प्रेम तनेजा की शहर व आसपास के गांवों में काफी साख है। धार्मिक प्रवृति के प्रेम तनेजा का व्यवसाय इस कदर चल निकला कि प्रदेश ही नहीं, पंजाब और राजस्थान से भी काफी संख्या में लोग यहां विवाह-शादियों व त्यौहारों के मौके पर गाडियां लेकर कपड़ा खरीदने के लिए आते हैं। जायज रेट व नम्र स्वभाव के प्रेम तनेजा की इतनी ख्याति बढ़ी कि यहां आसपास कई दुकानें खुलने लगी। यहां बाहर से आई पब्लिक को देखते हुए रेस्टोरेंट व अन्य दुकानें भी खुलने लगी। पिछले साल यहां पर कुछ लोगों ने जमीन खरीदकर शोरूम बना दिए और शोरूम भी हाथों-हाथ बिक गए या किराये पर चढ़ गए। इस समय यहां दर्जनों विशालकाय शोरूम चल रहे हैं जिनमें कपड़े से लेकर फर्नीचर, जूते इत्यादि शामिल हैं।



सिरसा। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस टीम। *फोटो: हरिभूमि*

### ममाले की तहकीकात में जुटी पुलिस

# कालांवाली में मेडिकल संचालक से लूटपाट

- दांत दर्द की दवा लेने के बहाने मेडिकल में घुसी महिला व दो युवकों ने दिया वारदात को अंजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

कालांवाली शहर में एक मेडिकल संचालक से लूटपाट की घटना सामने आई है। घटना की सूचना मिलते ही कालांवाली थाना प्रभारी सुनील कुमार, सीआईए प्रभारी सुरेश कुमार, चैकी प्रभारी तारा चंद सहित पुलिस की कई टीमें मौके पर पहुंची और घटना स्थल का मुआयना कर नाकाबंदी कर दी। पुलिस ने मेडिकल संचालक की शिकायत पर शुक्रवार को अज्ञात युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार गुरुवार रात्रि को जस्स मेडिकल एजेंसी का संचालक जसदीप सिंह अपनी दुकान पर बैठा काम कर रहा था। इस दौरान एक महिला मेडिकल पर आई और उससे दांद दर्द की दवाई मांगने लगी। जैसे ही दवा निकालने लगा तो तभी दो युवक आए और अंदर से गेट बंद दिया। उसने बाहर भागने का प्रयास किया तो उसका मुंह बंद कर दिया और पैसे निकालकर देने को कहा। उसने बताया कि अज्ञात लुटेरे करीब 14 हजार रुपये की नगदी और मोबाइल फोन लूट फरार हो गए।

#### ये है मामला

पुलिस जांच में घटना की दो अलग-अलग सीसीटीवी फुटेज सामने आई है। एक सीसीटीवी फुटेज घटना घटित होने से पहले की है, जिसमें में एक महिला व दो युवक दिखाई दे रहे है। जबकि दूसरी फुटेज घटना को अंजाम देने के बाद की है, जिसमें दो युवक भागते हुए दिखाई दे रहे है। कालांवाली पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर रही है।

# सफलता के लिए आत्मविश्वास जरूरी

- आत्मविश्वास ही साक्षात्कार की सफलता का आधार : शशिकांत

हरिभूमि न्यूज ⏭ ओढां

माता हरकी देवी महिला शिक्षा महाविद्यालय ओढ़ा में एकेडमिक व आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन कमेटी के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में बी एड प्रथम व द्वितीय वर्ष की छात्राध्यापिकाओं को बायोडाटा व इन्टरव्यू की तैयारी कैसे की बारे सिखाया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ कृष्ण कांत ने मुख्य वक्ता का अभिवादन व परिचय भाषण दिया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में शशि कांत शर्मा रहे।




सिरसा। विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए शशि शशिकांत शर्मा। *फोटो: हरिभूमि*

#### बताई सफलता की कहानी

*कार्यशाला के प्रथम तकनीकी सत्र में बायोडाटा निर्माण व इसके मुख्य बिन्दुओं पर विस्तारपूर्वक बताया व छात्राओं को अपना बायोडाटा कैसे तैयार करना है इसकी युक्ति बताई गई। कार्यशाला के द्वितीय तकनीकी सत्र में साक्षात्कार के समय किन बातों का ध्यान रखा जाए व किन बिन्दुओं को ध्यान में रखकर आप साक्षात्कार में सफलता हासिल कर सकते हैं इस पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।*

# भट्टू अनाज मंडी में धान की सरकारी खरीद शुरू एसडीएम खरीद में पारदर्शिता लाने के दिए निर्देश

- मंडी में प्रशासन ने किए हैं आवश्यक प्रबंध

हरिभूमि न्यूज ⏩ फतेहाबाद

भट्टू अनाज मंडी में शुक्रवार को धान की सरकारी खरीद का कार्य औपचारिक रूप से शुरू हो गया। उपमंडल अधिकारी राजेश कुमार ने खरीद कार्य का शुभारंभ किया। एसडीएम ने अधिकारियों को खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी एवं सुचारु रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। धान खरीद की शुरुआत के साथ ही मंडी में किसानों की हलचल तेज हो गई है। प्रशासन द्वारा आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। इस अवसर पर पंचायत समिति वाइस चेयरमैन बंसीलाल, सीएम विंडो एलिमेंट्री पर्सन सतीश गोयल, मैनेजर सुनील हुड्डा, मेनपाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष जसवंत माचरा, सीएम विंडो एलिमेंट्री पर्सन सतबीर मेहूवाला, मार्केट कमेटी सचिव निशांत कुमार, अमित गोदारा, चेयरमैन प्रदीप मांडन, गोविंद गोयल, अजय बंसल, प्रमोद गोयल, राजेश भांभू व रामजीलाल सहित अनेक लोग मौजूद थे।



भट्टूकलां। धान खरीद का शुभारंभ करते अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

# पराली समस्या को लेकर नायब तहसीलदार से मिले किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

पराली समस्या को लेकर किसान नेता आज जाखल में नायब तहसीलदार से मिले और किसानों की समस्याओं को लेकर मांग पत्र सौंपा। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि पराली के उचित और समय पर प्रबंधन के लिए प्रत्येक गांव में कम से कम 20 मशीनें उपलब्ध कराई जाएं। इससे पूर्व पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति हरियाणा खंड जाखल की बैठक ब्लॉक अध्यक्ष लाभ सिंह और सचिव हरविंदर बेनीपाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में किसानों ने धान अवशेष (पराली) के प्रबंधन में आ रही दिक्कतों पर चर्चा की। संगठन ने नायब तहसीलदार को बताया कि जाखल ब्लॉक के 25 गांवों के लिए केवल 20 पराली गांठें बनाने वाली मशीनें उपलब्ध हैं, जो अपर्याप्त हैं। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि पराली के उचित और समय पर प्रबंधन के लिए प्रत्येक गांव में कम से कम 20 मशीनें उपलब्ध कराई जाएं।

# साइबर ठगी का आरोपी दबोचा

- ऑनलाइन आईफोन ऑफर के बहाने युवक से धोखाधड़ी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

जिला पुलिस द्वारा साइबर ठगों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में थाना सदर रतिया पुलिस ने ऑनलाइन धोखाधड़ी के एक मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना सदर रतिया प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी राजेंद्र योगी पुत्र छोटे लाल निवासी प्रतापपुरा, राजगढ़, अलवर, राजस्थान को काबू किया।



**फतेहाबाद।** पुलिस गिरफ्त में धोखाधड़ी का आरोपी। *फोटो: हरिभूमि*

#### जांच में जुटी पुलिस

शिकायतकर्ता ने बताया कि वह एक्सिस बैंक कुलां में सिक्योरिटी गार्ड का कार्य करता है। 11 मई से 13 मई के बीच किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसे सस्ते दामों में आईफोन दिलाने का लालच दिया और मोबाइल पर लिंक भेजकर उसके हरियाणा ग्रामीण बैंक खाते से कुल 12,950 रुपये ठग लिए। पीड़ित ने साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करवाई। तत्पश्चात थाना सदर रतिया में 9 जून को धारा 318(4) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को काबू कर लिया है और मामले की आगे की जांच जारी है।

# योग दिव्य मंदिर में कार्तिक मास अनुष्ठान का शुभारम्भ सात से

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

**7.30 बजे से 8.30 बजे तक होगा हवन**

रतिया रोड पर स्थित योग दिव्य मंदिर/योग अभ्यास केन्द्र में कार्तिक मास के अनुष्ठान का शुभारंभ 7 अकटूबर मंगलवार से किया जाएगा, जो 5 नवम्बर बुधवार तक चलेगा। योगाचार्य कर्मचन्द सरदाना व सुमन चावला ने बताया कि प्रतिदिन प्रातः 7.30 बजे से 8.30 बजे तक हवन यज्ञ आयोजित होगा तथा उसके बाद 8.30 बजे प्रसाद वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम का समापन 5 नवम्बर को भंडारे के साथ होगा, जो प्रातः 8.30 बजे से आरंभ होगा। इस धार्मिक आयोजन में 'ओम नमः शिवाय' जाप का हवन किया जाएगा और प्रत्येक साधक को आहुति देने का अवसर प्रदान किया जाएगा। धर्मपाल चावला ने बताया कि इस आध्यात्मिक कार्यक्रम में सम्मिलित होकर श्रद्धालु पुण्य के भागी बन सकते हैं।

# राष्ट्रीय स्वयं सेवकों को पढ़ाया सुरक्षा का पाठ

- स्वयं की सुरक्षा के लिए शस्त्र उठाना ही होगा : डा. प्रताप सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ चौपटा

अनाज मंडी में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ सिरसा ने विजयदशमी के दिन अपनी स्थापना के सौ वर्ष पूर्ण होने पर दो स्थानों पर भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में घोष के साथ चौपटा के बाजारों में पथ संचलन किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रांत कार्यवाह डा. प्रताप सिंह ने कहा कि स्वयं की सुरक्षा के लिए शस्त्र उठाना ही होगा। क्योंकि स्वयं की सुरक्षा होगी, तभी समाज व देश की रक्षा होगी। उन्होंने कहा कि स्वयं, समाज, देश, गाय व बेटी की रक्षा के लिए शस्त्र उठाने में संकोच नहीं करना चाहिए।



सिरसा। कार्यक्रम में भाग लेते स्वयंसेवक। *फोटो: हरिभूमि*

#### दी शुभकामनाएं

उन्होंने संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर सभी नगरवासियों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राष्ट्रहित में कार्य करना संघ की मुख्य विशेषता है। समाज और देश को ऐसे संगठन की अब पहले से भी अधिक आवश्यकता है। इसी कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विजय नढा नें संघ के 100 साल पूर्ण होने पर उसके स्थापना और 100 साल के जीवनकाल के बारे में विस्तार से बताया।

**प्रोत्साहित** 5 को कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार पहुंचेंगे गांव, बराला भी रहेंगे मौजूद

खिलाड़ियों को प्रोत्साहित हुए कहा पढ़ाई के साथ खेलों में भी लें रुचि

# सांसद खेल महोत्सव, चेयरमैन वेद फुलां ने किया क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

सांसद खेल महोत्सव के तहत 5 अक्टूबर को गांव फुलां के बाबा प्रेमनाथ स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिताओं में हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार मुख्यातिथि होंगे जबकि राज्यससभा सांसद सुभाष बराला कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। इस खेल महोत्सव में नेशनल कबड्डी, वॉलीवॉल, शूटिंग, समेशिंग, खो-खो, हैंडबॉल, एथलेटिक्स 100 मीटर, 400 मीटर, शॉटपुट, लॉंग जम्प, जैवलिन थ्रो की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी।



रतिया। भरपूर में क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ कर खिलाडियों से परिचय प्राप्त करते हरकोफैड के चेयरमैन वेद फुलां।

#### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर नगरपालिका की चेयरपर्सन प्रीति खन्ना भी उपस्थित रही। उन्होंने कहा कि 5 अक्टूबर को आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं में रतिया विधानसभा क्षेत्र के तीनों ब्लॉक रतिया, नागपुर व फतेहाबाद ब्लॉक में रतिया विधानसभा के गांवों के खिलाड़ी इस सांसद खेल महोत्सव की प्रतियोगिता में भाग लेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ कर हरकोफैड के चेयरमैन वेद फुलां ने उपस्थित खिलाडियों का परिचय लिया और खिलाडियों को खेल को खेल की भावना से खेलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि खेलों में भाग लेने से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। इसके साथ ही खिलाडियों में प्रतिस्पर्धा की भावना भी जागृत होती है। उन्होंने बताया कि सांसद खेल महोत्सव की कड़ी में 4 अक्टूबर को गांव अहरवां में फुटबॉल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा।



तोते और मॉकिंगबर्ड जैसे पक्षी इंसानों की बातों या अन्य आवाजों की नकल कर सकते हैं।



हमिंगबर्ड एकमात्र ऐसा पक्षी है जो पीछे की ओर उड़ सकता है।

# ग्राफिक डिजाइनर बन चमकाएं अपना करियर




नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

विद्यार्थी जीवन से ही व्यक्ति को अपने करियर को लेकर चिंता सताने शुरू हो जाती है। हर विद्यार्थी अपने भविष्य को सुरक्षित और उच्च पद पर नौकरी हासिल करके सवारना चाहता है। व्यक्ति के लिए नौकरी हासिल करने की एक इच्छा होती है। वर्तमान समय में लोगों के सामने कैरियर बनाने की बहुत सारे अवसर उपलब्ध होते हैं। करियर बनाने के लिए व्यक्ति अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी रुचि के अनुसार प्रयास करते हुए बेहतरीन करियर बना सकता है। डिजाइन बनने का एक सुनहरा मौका आज के समय में विद्यार्थियों के लिए काफी प्रचलित करियर ऑप्शन माना जाता है।

## क्या है ग्राफिक डिजाइनर

ग्राफिक और कला के क्षेत्र में डिजाइन और टाइपोग्राफी का काम करने वाला व्यक्ति ग्राफिक डिजाइनर कहलाता है और यह कला क्लासिक डिजाइनिंग चलाती है। एक ग्राफिक डिजाइनर मुख्य तौर पर इलेक्ट्रोनिक मीडिया के माध्यम से और इलेक्ट्रोनिक प्रिंट के माध्यम से विज्ञापन के ग्राफिक बनाने का काम करते हैं। ग्राफिक डिजाइनर जो यूजर इंटरफेस और डिजाइनिंग का भी काम संभालने अपनी भूमिका निभाते हैं। ग्राफिक डिजाइनर आज के समय में भविष्य के लिए एक जबरदस्त उभरता हुआ कैरियर का ऑप्शन माना जाता है। ग्राफिक डिजाइनर बनकर विद्यार्थी अपने भविष्य को संभाल सकता है और आज के डिजिटल दौर में ग्राफिक डिजाइनर की पूछ दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। ग्राफिक डिजाइनर कि जिस प्रकार से जरूरत बढ़ती जा रही है। उस आधार पर हर व्यक्ति ग्राफिक डिजाइनर बनकर अपने भविष्य को बेहतर तरीके से सुरक्षित कर सकता है।

**ग्राफिक डिजाइनर के प्रकार :** ग्राफिक डिजाइनर और जस्टिस डिजाइनिंग का एक क्षेत्र बहुत ही बड़ा है और इसमें अलग-अलग क्षेत्र में उम्मीदवार अपनी इच्छा के अनुसार पढ़ाई कर सकता है और नौकरी हासिल कर सकता है। विद्यार्थी को जिस क्षेत्र में रुचि है। उसी क्षेत्र में विद्यार्थी को ग्राफिक डिजाइनर के सब्जेक्ट का चयन करते हुए डिग्री हासिल करनी चाहिए ग्राफिक डिजाइनर के प्रकार नीचे कुछ इस प्रकार से दिए गए हैं। -पैकेजिंग डिजाइनर, वेब और मोबाइल डिजाइनर, लेआउट और प्रिंट डिजाइनर, ब्रांड और लोगो डिजाइनर।

## क्या चाहिए योग्यता और स्किल

जो उम्मीदवार ग्राफिक डिजाइनर बनना चाहता है। उस उम्मीदवार को टाइम मैनेजमेंट का एक मुख्य ध्यान रखना होता है। टाइम मैनेजमेंट के अनुसार विद्यार्थी या किसी ग्राफिक डिजाइनर को अपने प्रोजेक्ट को समय पर पूरा करना। जो उम्मीदवार ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए सपना देख रहा है। उस उम्मीदवार के पास एक कम्युनिकेशन स्किल्स होना बहुत ज्यादा जरूरी है। इसके माध्यम से उम्मीदवार अपने ग्राहक के साथ प्रोजेक्ट के बारे में अच्छी तरह से बात कर सकता है और उन्हें प्रोजेक्ट को अच्छी तरह से प्रजेंट टेंशन के जरिए समझा सकता है। इसके लिए उम्मीदवार के पास कम्युनिकेशन स्किल होना बहुत ही ज्यादा जरूरी है। ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए कई प्रकार के डिप्लोमा और डिग्री कोर्स लेने होते हैं और उसके लिए उम्मीदवार को न्यूनतम शैक्षणिक योगिता के तौर पर 12वीं कक्षा 60 प्रतिशत अंक के साथ पास होना जरूरी है।

**ग्राफिक डिजाइनर के बैचलर कोर्स :** 12वीं कक्षा पास करने के बाद जो उम्मीदवार बैचलर डिग्री ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए करना चाहता है। उन उम्मीदवारों के लिए ग्राफिक डिजाइनर के बैचलर को कोर्स नीचे दिए गए हैं।

- बीएफए इन ग्राफिक डिजाइन
- बी डेस इन ग्राफिक डिजाइन
- बीएससी इन डाटा विजवुएलाइजेशन
- बीए ग्राफिक डिजाइन
- बीए (ऑनर्स) इन ग्राफिक एंड कम्यूनिकेशन डिजाइन

## ऐसे बन सकते हैं ग्राफिक डिजाइनर

ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए उम्मीदवार को नीचे दिए गए निम्नलिखित चलो को फॉलो करना चाहिए। इन चरणों को फोलो करते हुए विद्यार्थी आसानी से ग्राफिक डिजाइनर बन सकता है।

- सर्वप्रथम उम्मीदवार को दसवीं कक्षा के बाद 12वीं कक्षा पास करनी होगी। 12वीं कक्षा में न्यूनतम 60% अंक होना अनिवार्य है।
- अब उम्मीदवार को यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर जाकर एंट्रेंस एग्जाम में आवेदन करना होगा। एंट्रेंस एग्जाम की परीक्षा पास करने के पश्चात आपको कॉलेज मिल जाएगा।
- कॉलेज मिल जाने के बाद डिप्लोमा या डिग्री कोर्स के लिए निर्धारित समय अवधि तक पढ़ाई करते हुए आपको अपनी डिग्री या डिप्लोमा का कोर्स हासिल करना है।
- डिग्री करते समय आपको ग्राफिक डिजाइनर के सिद्धांत को सीखना होगा और ग्राफिक डिजाइनर के सभी सिलेबस को ढंग से पढ़ते हुए डिग्री पास करनी है।
- ग्राफिक डिजाइनर का सही कोर्ट आपको डिग्री लेते समय चयन करना चाहिए। ताकि भविष्य में आपको कोई भी दिक्कत का सामना ना करना पड़े।
- ग्राफिक डिजाइन के पुल के बारे में जानकारी अवश्य जी के सॉफ्टवेयर टूल के माध्यम से आपको बेहतर लेवल की नौकरी आसानी से मिल जाएगी।
- ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए आपको पोर्टफोलियो की प्रैक्टिस करनी चाहिए और आपको अपने स्किल्स को सुधारने का प्रयास करना चाहिए।

**डिप्लोमा कोर्स : ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए आप बैचलर डिग्री या मास्टर डिग्री लेने के अलावा डिप्लोमा कोर्स लेकर भी ग्राफिक डिजाइनर बन सकते हैं।**

- डिप्लोमा इन वेब एंड ग्राफिक डिजाइनिंग
- सर्टिफिकेट इन आर्ट एंड डिजाइन
- सर्टिफिकेट इन ग्राफिक एंड वेब डिवलपमेंट
- ग्रेजुएट सर्टिफिकेट इन ग्राफिक डिजाइनिंग
- ग्रेजुएट सर्टिफिकेट इन इनफोरमेंशन डिजाइनिंग

**टॉप कॉलेज :** भारत में बहुत सारे कॉलेज उपलब्ध है जो आपको ग्राफिक डिजाइनर बनने का मौका देते हैं। लेकिन भारत के टॉप यूनिवर्सिटी की बात की जाए तो भारत की टॉप यूनिवर्सिटी की सूची हम आपको नीचे प्रदान करवा रहे हैं :

**वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन**
**राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान**
**आर्क कॉलेज ऑफ डिजाइन एंड बिजनेस**
**प्रशांत विद्यालय**
**राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान**

## बैचलर ऑफ साइंस तीन साल की एक स्नातक डिग्री

# बीएससी के बाद सरकारी के साथ निजी क्षेत्रों में भी अपार संभावनाएं

डॉ. मोहित बंसल
करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



### छात्रों को विज्ञान विषयों की जानकारी देना उद्देश्य

बैचलर ऑफ साइंस (बीएससी) तीन वर्षों की एक स्नातक डिग्री है, इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को विज्ञान विषयों की गहन जानकारी देना, उन्हें विश्लेषणात्मक एवं तार्किक दृष्टिकोण से सक्षम बनाना है। इस पाठ्यक्रम में गणित, भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, कंप्यूटर साइंस, पर्यावरण विज्ञान, सांख्यिकी जैसे विषयों का अध्ययन कराया जाता है। बीएससी के बाद सरकारी और निजी क्षेत्र में करियर संवारने की अपार संभावनाएं हैं। यह डिग्री करने के बाद छात्र अपने भविष्य को खूब चमका सकते हैं। इन विषयों का वास्तविक जीवन में अत्यंत महत्व है, जैसे भौतिकी इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी, रसायन विज्ञान औषधि, उद्योग, जीव विज्ञान, स्वास्थ्य, कृषि क्षेत्र, गणित, कंप्यूटर साइंस, डेटा साइंस और आईटी क्षेत्र में उपयोग किए जाते हैं। वहीं बीएससी (ऑनर्स) में छात्रों को किसी एक विशेष विषय में गहन अध्ययन और विशेषज्ञता प्रदान की जाती है, जिससे उन्हें शोध, शिक्षण और व्यावसायिक क्षेत्र में बेहतर अवसर मिलते हैं। बीएससी और बीएससी (ऑनर्स) के अंतर्गत कई विषयों में विशेषज्ञता उपलब्ध हैं। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे कि छात्र बीएससी करने के बाद कैसे अपना भविष्य संवार सकते हैं।

### बी.एससी. डिग्रीधारी निम्नलिखित सामान्य प्रोफाइल में भी नौकरी पा सकते हैं (भले ही उनका स्पेशलाइजेशन कोई भी हो)

- डिजिटल मार्केटिंग ट्रेनी
- ग्राहक सेवा कार्यकारी
- मानव संसाधन सहायक
- प्रशासनिक सहायक
- बिज़नेस डेवलपमेंट ट्रेनी
- शिक्षा व ट्यूटोरियल सेवाओं में विषय विशेषज्ञ

### गणित व सांख्यिकी आधारित भूमिकाएं

- एक्चुअरियल असिस्टेंट
- बैंकिंग डाटा प्रोसेसिंग अधिकारी
- रिस्क एनालिस्ट



### काउंसलर से लें सलाह

बी.एससी. केवल एक डिग्री नहीं बल्कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण, आधुनिक कौशल और वैश्विक अवसरों का अद्वितीय संगम है। यदि छात्र अपने विषय को गंभीरता से समझें, आवश्यक स्किल्स विकसित करें और सही करियर पथ चुनें, तो वे निजी क्षेत्र की प्रतिस्पर्धा, सरकारी क्षेत्र की स्थिरता और उच्च शिक्षा की प्रतिष्ठा,तीनों में सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

**सुझाव:** किसी भी करियर का चुनाव करने से पहले किसी योग्य करियर सलाहकार से सलाह जरूर लें। अधिक जानकारी के लिए आप **www.careerjaano.com** पर भी विजिट कर सकते हैं।

### वास्तविक जीवन में ऐसे अनुप्रयोग

- भौतिकी (फिजिक्स) – तकनीकी आविष्कार, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऊर्जा उत्पादन और अंतरिक्ष अनुसंधान में उपयोगी।
- रसायन विज्ञान (केमिस्ट्री) – दवा निर्माण, पर्यावरण संरक्षण, खाद्य प्रसंस्करण और विनिर्माण उद्योग में आवश्यक।
- गणित (मैथमेटिक्स) – आंकड़ा विश्लेषण, वित्त, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और शोध क्षेत्रों में अहम भूमिका।
- जीवविज्ञान (बायोलॉजी) – स्वास्थ्य, जैव प्रौद्योगिकी, कृषि और चिकित्सा अनुसंधान में योगदान।
- वनस्पति विज्ञान (बॉटनी) – औषधीय पौधों, कृषि विज्ञान और पर्यावरण संरक्षण में उपयोगी।
- प्राणी विज्ञान (जूलॉजी) – पशु विज्ञान, वन्यजीव संरक्षण और अनुसंधान क्षेत्रों में महत्वपूर्ण।
- कंप्यूटर विज्ञान – सॉफ्टवेयर विकास, साइबर सुरक्षा, आंकड़ा विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग का आधार।
- जैव प्रौद्योगिकी (बायोटेक्नोलॉजी) – आनुवंशिक अभियांत्रिकी, स्वास्थ्य, नैदानिक शोध और कृषि में क्रांति।
- पर्यावरण विज्ञान – जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण नियंत्रण और सतत विकास में अहम योगदान।

*(**नोट :** इन विषयों के अध्ययन से छात्रों को न केवल वैज्ञानिक ज्ञान मिलता है, बल्कि वे समाज, उद्योग और तकनीक के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं।)*

### इंडस्ट्री स्किल्स की भूमिका

बीएससी की शैक्षणिक पृष्ठभूमि एक मजबूत आधार देती है, लेकिन केवल डिग्री पर्याप्त नहीं होती। आज की प्रतिस्पर्धात्मक दुनिया में छात्रों को व्यावहारिक और तकनीकी कौशल भी विकसित करने होते हैं। ऐसे कई कौशल हैं जो छात्रों के करियर को मजबूती प्रदान करते हैं। इनमें ये कुछ प्रमुख हैं।

- समस्या समाधान और विश्लेषणात्मक क्षमता
- कंप्यूटर एवं डिजिटल दक्षता (प्रोग्रामिंग, डाटा एनालिसिस)
- लैब स्किल्स और रिसर्च मेथडोलॉजी
- संचार एवं प्रस्तुतीकरण कौशल
- टीमवर्क और नेतृत्व क्षमता
- समय प्रबंधन और कार्य अनुशासन

### निजी क्षेत्र में करियर विकल्प

बीएससी स्नातक निजी क्षेत्र में असीमित अवसरों और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी करियर संभावनाओं के द्वार खोलते हैं। आधुनिक उद्योग जगत को अनुसंधान,आधारित, तकनीकी दक्ष और नवाचारशील युवाओं की आवश्यकता है, जहां बी.एससी. डिग्रीधारी अपनी प्रतिभा से अग्रणी स्थान बना सकते हैं। निम्नलिखित नौकरी प्रोफाइल विशेष रूप से बीएससी विशेषज्ञताओं से संबंधित हैं।

#### विज्ञान व शोध आधारित क्षेत्र

- लैब असिस्टेंट
- रिसर्च एसोसिएट
- क्वालिटी कंट्रोल एनालिस्ट
- फार्मास्यूटिकल सेल्स रिप्रेजेंटेटिव

**आईटी एवं कंप्यूटर साइंस**

- डाटा एनालिस्ट
- सॉफ्टवेयर टेस्टिंग असिस्टेंट
- नेटवर्क सपोर्ट असिस्टेंट
- वेब डिजाइन सहायक

#### यह हो सकता है वेतनमान (निजी क्षेत्र)

**फ्रेशर** : 2.5 लाख से 4.5 लाख प्रतिवर्ष
**अनुभवयुक्त** (5,10 वर्ष): 6 लाख से 15 लाख प्रतिवर्ष (आईटी, रिसर्च और कॉर्पोरेट सेक्टर में इससे भी अधिक)

### सरकारी क्षेत्र में करियर विकल्प

बीएससी पृष्ठभूमि वाले छात्र प्रशासनिक सेवाओं से लेकर तकनीकी अनुसंधान तक अनेक प्रतिष्ठित भूमिकाओं में अपना भविष्य संवार सकते हैं।

**बैंकिंग एवं बीमा क्षेत्र**

- एसबीआई प्रोबेशनरी ऑफिसर/क्लर्क, आईबीपीएस प्रोबेशनरी ऑफिसर/ क्लर्क, आरआरबी ऑफिस असिस्टेंट, एलआईसी असिस्टेंट/ अकाउंट ऑफिसर

**यूपीएससी एवं राज्य सेवाएं**

- आईएएस, आईपीएस, आईएफएस, आईआरएस, राज्य लोक सेवा आयोग अधिकारी

**कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी)**

- वैज्ञानिक सहायक, प्रयोगशाला सहायक, सांख्यिकीय अन्वेषक, टैक्स असिस्टेंट

**भारतीय रेलवे**

- तकनीकी सहायक, जूनियर इंजीनियर (साइंस बैकग्राउंड)

**रक्षा सेवाएं**

- तकनीकी अधिकारी, आर्मी एजुकेशन कोर अधिकारी, वैज्ञानिक अधिकारी, लेफ्टिनेंट, आर्मी एजुकेशन कोर अफसर, अकाउंट अफसर, एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर, लोजिस्टिक्स सप्लाई अफसर, टेरीटोरियल आर्मी अफसर

**अन्य विभाग :** डाक विभाग: पोस्टल असिस्टेंट, सॉर्टिंग असिस्टेंट, स्वास्थ्य विभाग: लैब तकनीशियन, अनुसंधान सहायक

**आय सीमा (सरकारी क्षेत्र)**

**फ्रेशर:** 3 लाख से 6 लाख रुपये प्रतिवर्ष (पे लेवल 4–6 की सरकारी नौकरियों में)

**अनुभवयुक्त/वरिष्ठ पद:** 8 लाख से 18 लाख रुपये प्रतिवर्ष **(यूपीएससी व राज्य सेवाओं में और भी अधिक)**

**उच्च अध्ययन के विकल्प**

बीएससी के बाद छात्र उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपनी विशेषज्ञता को और गहराई दे सकते हैं। उच्च शिक्षा न केवल करियर को नई ऊँचाइयाँ प्रदान करती है, बल्कि शोध और नवाचार की दुनिया में प्रवेश का मार्ग भी प्रशस्त करती है।

**निम्नलिखित प्रमुख पाठ्यक्रम विकल्प उपलब्ध हैं।**

**पाठ्यक्रम विवरण :** -

एम.एससी. चुने गए विषय में उच्च अध्ययन व शोध के लिए

- एम.सी.ए. कंप्यूटर एप्लीकेशन और आईटी क्षेत्र के लिए
- एम.बी.ए. प्रबंधन और कॉर्पोरेट नेतृत्व पदों के लिए
- बी.एड. शिक्षा व अध्यापन के क्षेत्र में करियर हेतु
- पीएच.डी. अनुसंधान और विश्वविद्यालय स्तर पर अध्यापन हेतु
- एम.टेक. (साइंस बेस्ड शाखाओं में) विशेष तकनीकी क्षेत्रों में विशेषज्ञता हेतु

# सोशल मीडिया केवल मनोरंजन नहीं सीखने और आगे बढ़ने का भी माध्यम



मोटिवेशनल
डॉ. दिव्या तंवर

सोशल मीडिया आज हमारी ज़िंदगी का एक अभिन्न हिस्सा बन चुका है। यह केवल मनोरंजन या संवाद का जरिया नहीं है, बल्कि सीखने, बढ़ने और खुद को नया स्वरूप देने का भी प्रभावशाली माध्यम है। लेकिन अक्सर यही सोशल मीडिया तनाव, चिंता और आत्म-संदेह का बड़ा कारण भी बन जाता है। जरूरत है कि हम इसे सही दृष्टिकोण और सकारात्मक दृष्टि से देखें ताकि यह हमारे लिए सीखने का साधन बने, न कि तनाव का कारण।

**सोशल मीडिया : अवसरों का विश्व**

सोशल मीडिया हमें दुनिया भर की जानकारी देने का सबसे तेज़ और सुलभ माध्यम है। यहां आपको नई तकनीकों, विज्ञान, कला, साहित्य और जीवन कौशल के असीम अवसर मिलते हैं।

### गलत इस्तेमाल करने से बढ़ रहा तनाव

सोशल मीडिया से हजारों विषयों पर विशेषज्ञों, शिक्षकों और प्रेरक वक्ताओं की सामग्री आसानी से देखी और समझी जा सकती है। छात्र हो या पेशेवर, हर व्यक्ति सही सामग्री का चयन करके अपने ज्ञान को कई गुना बढ़ा सकता है। सोशल मीडिया पर एक सकारात्मक नजरिए से चुनी गई सामग्री पढ़ना और सुनना आपके लिए किसी मुफ्त डिजिटल विश्वविद्यालय से कम नहीं है।

**तनाव क्यों बनता है सोशल मीडिया :** सोशल मीडिया का गलत इस्तेमाल करते समय हम अक्सर दूसरों की ज़िंदगी से अपनी तुलना करने लगते हैं।

- हर पल पोस्ट की जाने वाली परफेक्ट तस्वीरें हमें यह गलतफहमी देती हैं कि बाकी सबकी ज़िंदगी हमसे बेहतर है।
- बेवजह स्क्रॉलिंग समय की बर्बादी भी करती है, और जब हम काम पूरे नहीं कर पाते तो तनाव और अपराधबोध बढ़ जाता है।
- लगातार लाइक्स और कमेंट्स की गिनती करना आत्म-सम्मान को दूसरों की राय से जोड़ देता है।

सोशल मीडिया अपने मूल रूप में तो जानकारी और अवसरों से भरा हुआ है, लेकिन इसके गलत उपयोग या असंतुलित प्रयोग से यह हमारे लिए चिंता और मानसिक दबाव का कारण बन सकता है।

**कारणों की व्याख्या :** तुलना की आदत: लोग दूसरों की “परफेक्ट” जिंदगी देखकर अपनी वास्तविक जिंदगी से तुलना करते हैं। यह हीनभावना और चिंता पैदा करता है।

**मान्यता की तलाश:** पोस्ट पर मिले लाइक्स और कमेंट्स से आत्म-सम्मान को जोड़ लेना मानसिक दबाव बढ़ा देता है।

**समय की बर्बादी:** जरूरत से ज़्यादा स्क्रॉलिंग करने से पढ़ाई, काम या व्यक्तिगत जिम्मेदारियां अधूरी रह जाती हैं, जिससे तनाव होता है।

**सूचना का बोझ:** बहुत अधिक और कभी-कभी नकारात्मक या विरोधाभासी जानकारी मानसिक रूप से भारी लगने लगती है।

इसलिए, भले ही सोशल मीडिया ज्ञान और अवसरों का ₹सागर₹ है, उसका गलत या असंतुलित इस्तेमाल हमें मानसीक शांति और आत्म-संतुलन से दूर कर देता है। सोशल मीडिया को सीखने का साधन बनाने के लिए हमें सजगता और आत्म-नियंत्रण की आदत डालनी होगी। रोज़ानास्क्रॉलिंग या देखने के लिए निश्चित समय तय करें। केवल उन अकाउंट्स को फॉलो करें जो आपकी सोच को सकारात्मक और ज्ञानवर्धक दिशा में ले जाएं।

### सोशल मीडिया एक दर्पण है

- तुलना करने के बजाय दूसरों की उपलब्धियों को प्रेरणा मानें।
- कोई नई भाषा, कला, तकनीक या जीवन कौशल सीखने के लिए सोशल मीडिया पर बने प्रामाणिक चैनल और पेज चुनें।

**जीवन में सकारात्मक बदलाव**

अगर हम सही तरीके से इसका उपयोग करें तो सोशल मीडिया हमें आत्म-विकास की राह दिखा सकता है। यह हमें विविध संस्कृतियों, नई जीवनशैलियों और अनगिनत विचारों से परिचित कराता है। प्रेरणादायी कहानियां और सफलता के अनुभव हमारे लिए प्रोत्साहन का कार्य करते हैं। यह नेटवर्किंग और सहयोग के अवसर भी देता है, जो व्यक्तिगत और पेशेवर विकास दोनों में लाभकारी हैं। सोशल मीडिया एक दर्पण है, उसमें वही झलकता है जिस पर हम अपना ध्यान केंद्रित करते हैं। अगर हम इसे केवल मनोरंजन और तुलना का मंच बनाएंगे तो तनाव और असंतोष ही मिलेगा। लेकिन अगर हम इसे सीखने और आत्म-विकास का मंच बनाएँगे तो यह हमारे स्वप्नों को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

**आइए, सोशल मीडिया को ज्ञान का साधन बनाएं, तनाव का कारण नहीं।**

## सामान्य ज्ञान

**1.** निम्नलिखित में से वह सागर कौन - सा है, जो भू-बद्ध है ?
(ए) लाल सागर
(बी) तिमोर सागर
(सी) उतरी सागर
(डी) अरल सागर

**2.** अफ्रीका महाद्वीप की सबसे बड़ी झील है -
(ए) विक्टोरिया
(बी) न्यासा
(सी) टंगानिका
(डी) चाड

**3.** निम्नलिखित में से कौन - सा युग्म गलत है ?
(ए) ग्रेट बीयर - कनाडा
(बी) मिशिगन - अमेरिका
(सी) ओनेगा - ऑस्ट्रेलिया
(डी) टिटिकाका - पेरू-बोलीविया

**4.** निम्नलिखित में से कौन ईरान की सीमा को स्पर्श करता है ?
(ए) कैस्पियन सागर
(बी) अरल सागर
(सी) बाल्खश झील
(डी) बैकाल झील

**5.** निम्नलिखित में से किसको 'पर्ल ऑफ़ साइबेरिया' कहा जाता है ?
(ए) बैकाल झील
(बी) ग्रेट वीयर झील
(सी) करदा झील
(डी) लिंकनबर झील

**6.** किस देश की सीमा कैस्पियन झील से नहीं मिलती है ?
(ए) अजरबैजान
(बी) रूस
(सी) यूक्रेन
(डी) तुर्कमेनिस्तान

**7.** टान्ले सेप नाम झील निम्नलिखित में से किस देश में स्थित है ?
(ए) थाईलैंड
(बी) कम्बोडिया
(सी) इंडोनेशिया
(डी) लाओस

**8.** पृथ्वी पर सबसे गहरा स्थल है -
(ए) कैस्पियन सागर
(बी) काला सागर
(सी) मृत सागर
(डी) एजियन सागर

उत्तर 1.(डी) 2.(ए) 3.(सी) 4.(ए) 5.(ए) 6.(सी) 7.(बी) 8.(सी)

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ी भवन का किया उद्घाटन

**सिरसा।** जिला के गांव गदराना में डी-प्लान योजना के तहत आंगनबाड़ी केंद्र के नवीनीकरण भवन का उद्घाटन मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वर्चुअल तरीके से किया। इस मौके पर आयोजित समारोह में सरपंच समरपाल कौर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। सरपंच ने कहा कि स्वस्थ नारी सशक्त परिवार देश का आधार है। महिलाओं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना समाज को मजबूत करने के लिए आवश्यक है।

### हेरोइन सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने हेरोइन तस्करी के आरोप में दो आरोपियों को पकड़ा है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान होशियार सिंह निवासी गांव चौबुर्जा व कर्ण निवासी ढाणी रामपुरा के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 11 ग्राम 40 मिलीग्राम हेरोइन भी जब्त की है। एएनसी प्रभारी पीएएसआई राजेंद्र ने बताया कि एएनसी की एक टीम एएसआई अशोक कुमार के नेतृत्व में रानियां चुंगी से इंडस्ट्रियल एरिया सिरसा की ओर जा रही थी। इस दौरान पुलिस टीम ने मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्ध युवकों को काबू किया। तलाशी के दौरान जांच में उनके कब्जे से11 ग्राम 40 मिलीग्राम बरामद हुई।

### स्वास्थ्य पखवाड़े में किया जागरूक

**सिरसा।** नेशनल कॉलेज ऑफ एजुकेशन महाविद्यालय में वूमैन सैल एवं हेल्थ एंड फिटनैस कमेटी और फूड एंड न्यूट्रीएंट अवेयरनैस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रव्यापी महिला स्वास्थ्य पखवाड़ा बीती 7 सितंबर से 2 अक्तूबर तक मनाया गया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. पूनम मिगलानी ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य को बढ़ावा देकर सशक्त परिवारों का निर्माण करना तथा महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता और सशक्तीकरण के प्रति जागरूकता फैलाना था।

### आवास योजना पर कांग्रेस नेता ने उठाए सवाल

**डबवाली।** कांग्रेस नेता एवं पूर्व विधायक अमित सिहाग ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों को मिलने वाली राशि को लेकर सरकार की मंशा पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत लोगों को पैसे न मिलने से छत मुहैया नहीं हो पा रही है। पूर्व विधायक ने शुक्रवार को मीडिया को जारी एक प्रेस बयान में कहा है कि हलका डबवाली में ओढ़ा और डबवाली दो ब्लॉक पड़ते हैं, जिसमें से ओढ़ा ब्लॉक के 843 लोगों ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अप्लाई किया था जिसमें से 417 लोगों को घर देने हेतु चुना गया मगर इनमें से केवल 243 लोगों को ही पहली किश्त मिल पाई है।

### बच्चों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

**सिरसा।** हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत शुक्रवार को नेहरू युवा केंद्र सिरसा की वॉलिंटियर टीम ने शहर के विभिन्न इलाकों में जाकर आमजन को स्वच्छता का संदेश दिया। वॉलंटियर्स ने सबसे पहले स्थानीय स्ट्रीट वेंडर्स से बातचीत कर उन्हें स्वच्छता बनाए रखने और प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए प्रेरित किया।

### जिला पुलिस ने दो वाहन चोरों को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** वाहन चोरी के दो अलग-अलग मामलों में जिला पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके पास से दो चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद किए हैं। पहले मामले में थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने आरोपी मुकेश कुमार पुत्र हनुमान सिंह, निवासी गांव धांगड़, को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल बरामद की है। 1 अक्टूबर को उसने अपनी मोटरसाइकिल गांव में अनिल पुत्र बनवारी लाल के घर के बाहर खड़ी की थी।

### प्रशासन ने करीब 20 झुग्गी-झोपड़ियों को हटाया, मची अफरातफरी

# कालांवाली में अवैध झुग्गी झोपड़ियों पर चला बुलडोजर

अचानक जेसीबी को देख झुग्गी झोपडि़यों में रहने वाले लोग घबरा गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



सिरसा। कालांवाली में अवैध झुग्गी-झोपडि़यों को हटाती जेसीबी मशीन। फोटो : हरिभूमि

कालांवाली शहर में एसबीआई बैंक के सामने बनी हुडा कर्मिशल सीसी-3 भूमि पर 35 वर्षों से किए गए अवैध कब्जे पर प्रशासन ने शुक्रवार को पीला पंजा चला दिया। इस दौरान करीब 20 झुग्गी-झोपडि़यों को हटाया गया। हालांकि झुग्गी झोपडि़यों में रहने वाले लोगों ने प्रशासन की कार्रवाई का खुलकर विरोध किया और दीपावली तक का समय मांगा। लेकिन मौके पर तैनात भारी पुलिस बल की वजह से झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले कुछ भी नहीं कर पाए और उनकी झुग्गियों को बुलडोजर से तोड़ दिया गया। जानकारी अनुसार हुडा कर्मिशल सीसी-3 भूमि के दुकानदारों की ओर से हाईकोर्ट में रिट दी गई है। जिसको लेकर शुक्रवार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट बिजली निगम के एसडीओ रवि कंबोज के नेतृत्व में टीम हुडा कर्मिशल सीसी-3 भूमि पहुंचा। अचानक जेसीबी को देख झुग्गी झोपडि़यों में रहने वाले लोग घबरा गए। तभी प्रशासन की तरफ से एक चेतावनी जारी की गई कि झुग्गियों से अपना सामान बाहर निकाल लें और कुछ मिनटों बाद ही झुग्गियों पर बुलडोजर चला दिया गया। कुछ लोग अपना सामान निकाल पाए और कुछ नहीं। कुछ ही पलों में झोपडि़यों को तोड़ दिया गया। वहीं बताया जा रहा है कि प्रशासन की ओर से कई बार झुग्गी-झोपडि़यों को खाली करने का नोटिस भी दिया गया, लेकिन झुग्गियों को हटाया नहीं गया, जिस पर प्रशासन ने यह कार्रवाई की।

■ लोगों ने प्रशासन की कार्रवाई का खुलकर विरोध किया

#### यह लगाया आरोप

झुग्गी- झोपडि़यों में रहने वाले लोगों ने बताया कि वे करीब 35 सालों से यहां पर रह रहे हैं और उनके यहां पर वोट भी है। उन्हें वोट के समय कहा गया था कि उन्हें सरकारी प्लाट या मकान बनाकर दिए जाएंगे, लेकिन उन्हें मकान देना तो दूर उनकी झोपडि़यों को ही तोड़ दिया गया है। जिससे उनका सामान भी नष्ट होने से दुगना नुकसान हुआ है।

## विद्यार्थियों ने सड़क नियमों के पालन का लिया संकल्प



सिरसा। विद्यार्थियों को सडक़ नियमों की जानकारी देते हुए एएसपी।

■ कएसएचओ ट्रैफिक शमशेर सिंह विद्यार्थियों को दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय में सेवा पखवाड़े के तहत सडक़ सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में सिरसा के एएसपी फैसल खान ने विद्यार्थियों को यातायात संकेतों, हेलमेट और सीट बेल्ट के महत्व तथा नशे में गाड़ी चलाने के खतरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने शिक्षा विभाग के प्रतिनिधियों से सडक़ सुरक्षा को पाठ्यचर्या और जीवनशैली का हिस्सा बनाने पर बल दिया। मुख्य वक्ता ट्रैफिक ऑफिसर सौरव ने सडक़ सुरक्षा नियमों के पालन को जीवन की सुरक्षा से जोड़ते हुए विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सडक़ दुर्घटनाएं केवल लापरवाही का परिणाम होती हैं, जिन्हें यातायात नियमों के पालन से रोका जा सकता है।

#### किसा जागरुक

शिक्षा विभाग की अध्यक्ष प्रो. मीना कुमारी ने मेहमानों का स्वागत किया और डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. राजकुमार ने धन्यवाद करते हुए विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे सडक़ सुरक्षा से संबंधित छोटी-छोटी सावधानियों से सभी को अवगत करवाएं जिससे न केवल स्वयं की, बल्कि दूसरों की भी जान बच सकती हैं। इस अवसर पर एसएचओ ट्रैफिक शमशेर सिंह सहित कार्यक्रम में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी रही। अंत में सभी ने सडक सुरक्षा नियमों का पालन करने और समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

## आरपीएस के 91 विद्यार्थियों का रहा शानदार प्रदर्शन

■ एनडीए व एसएसबी में सफलता का पर्याय बना आरपीएस: सीईओ मनीष राव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। आरपीएस स्कूल के सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थी।

यूपीएससी की ओर से घोषित एनडीए की लिखित परीक्षा में आरपीएस समूह की प्रतिभाओं ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए लोहा मनवाया। आरपीएस के 91 विद्यार्थियों ने इस परीक्षा में सफलता प्राप्त कर संस्था के साथ क्षेत्र, जिले व प्रदेश का भी नाम रोशन किया है। सभी चयनित विद्यार्थियों को संस्था की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजीनियर मनीष राव व डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। एनडीए की लिखित परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन कर एसएसबी के लिए क्वालीफाई करने वालों में आर्यन श्योराण, आशीष, दिव्य यादव, हर्ष कुमार, झलक यादव, कनिका यादव, लक्ष्य यादव, मयंक, मयंक कुमार, नेहा, प्रिंस यादव, रजत श्योराण, रितिक, साहिल, यश, आयुश, जतिन, मंदीप कुमार, सारांश यादव, निशु गंडास, साहिल यादव, ईशांत कुमार, जितेन्द्र जादम, सचिन, जतिन, कृष, मनिकेत, मनीष, रिषभ धोरवाल, जयंत फलस्वाल, महिद्र गौड़, शौर्य शर्मा, सारांश अरोड़ा, भव्य सैनी, दक्ष, दिव्यांश सिंह, दिव्यांशा यादव, नेहा, जतिन, समीर, अंशु, आदित्य, अंतरिक्ष, दीपक, ईशांत, खुशी, रोबिन, रोहन, रूद्रा बल, सुजल, यश यादव, पुल्कित, साहिल, सिद्धार्थ, आरोही धानिक, अभिनव गुप्ता, अमन अहमद, भूमिका पारीक, हिमांक जैन, परतुस सिंह, प्रियांशु वर्मा, शुभम कौशिक, तनिश यादव, खुशी शर्मा, स्वाती सिंह, हर्ष बच्छराज, रजत, प्रद्युमन, विनित, कृष, ओनिश, तनमय, भावेश, नमन, नवया, कर्मवीर आदि शामिल हैं।

#### दी बधाई

आरपीएस संस्था की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि क्षेत्र के साथ अब आरपीएस के प्रतिभावान छात्र छात्राएं सेना में भी अधिकारी बनकर देश का गौरव बढ़ाने का काम कर रहे हैं। आरपीएस के उचित मंच के माध्यम से सेना में अधिकारी के पद पर पहुंच रहे हैं। संस्था के सीईओ इंजीनियर मनीष राव ने कहा कि प्रतिभा को तराशने के लिए विद्यार्थियों को समय समय पर उचित मार्ग दर्शन मिलना अतिआवश्यक है, जो आरपीएस शिक्षण संस्था की प्रबंधन समिति व शिक्षक समय समय पर विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों से विचार विमर्श कर सफलता के नए नए तरीके अपनाते रहते हैं। आरपीएस के डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने बताया कि सीबीएसई बोर्ड, नीट, जेईई मेन व एडवांस, सीए, क्लैट, इन्टरनेशनल ऑलंपियाड के साथ एनडीए में भी बेहतरीन परीक्षा परिणाम देकर सर्वश्रेष्ठता का परचम लहराया।

## मार्केट कमेटी चेयरमैन को पद से हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

भाजपा सरकार द्वारा नवनियुक्त रतिया मार्केट कमेटी के चेयरमैन धर्मपाल शर्मा को पद से हटाने की मांग तेज होने लगी है। इसको लेकर चेयरमैन के गांव समेत 11 गांवों के सरपंचों ने शुक्रवार को उपायुक्त को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा और चेयरमैन को पद से हआने की मांग की। बता दें कि गांव भूंदड़वास निवासी धर्मपाल शर्मा का करीब साढ़े चार महीने पहले गांव के ही सरपंच के साथ विवाद हो गया था। नौबत मारपीट तक पहुंच गई थी।

उपायुक्त को सौंपे ज्ञापन में गांव भूंदड़वास के सरपंच सर्वजीत सिंह, गांव कंवलगढ़ के सरपंच गुरतेज सिंह, गांव मुंशीवाली की सरपंच शकुंतला, गांव बाड़ा के सरपंच गुरजीत सिंह, गांव रत्ताखेड़ा के सरपंच अरविंद कुमार, गांव रोझांवाली के सरपंच परषोत्तम सिंह, गांव भरपूर की सरपंच ज्योति, गांव फूला के सरपंच सुनील कुमार, गांव नंगल की सरपंच नवनीत कौर, गांव सरदारेवाला की सरपंच गुरप्रीत कौर ने कहा है कि धर्मपाल शर्मा को हरियाणा सरकार द्वारा मार्केट कमेटी रतिया का चेयरमैन बनाया गया है जोकि गैर कानूनी है। धर्मपाल शर्मा साल 2015 से लेकर 2020 तक गांव भूंदड़वास का सरपंच रहा है। उस दौरान धर्मपाल शर्मा द्वारा लाखों रुपए का गबन किया गया। जिसकी रिपोर्ट पंचायती राज एसडीओ द्वारा पंचायती राज विभाग के एक्सईएन को भेजी गई। उसमें धर्मपाल शर्मा को दोषी पाया गया है, जिसकी जांच डीडीपीओ फतेहाबाद द्वारा लंबित पड़ी है।

#### सरपंचों का आरोप

इसके अलावा सरपंचों ने आरोप लगाया है कि धर्मपाल शर्मा ने 23 मई 2025 को गांव भूंदड़वास के मौजूदा सरपंच सर्वजीत सिंह पर जानलेवा हमला कर उन्हें घायल कर दिया था। उनकी दाढी व केस नोंच लिए थे। उनकी पगड़ी उछाल कर केशों की बेअदबी कर धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाई गई थी। इसको लेकर थाना शहर रतिया में केस दर्ज है। इसकी जांच पुलिस कर रही है। इस मामले में धर्मपाल शर्मा को रतिया पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद उसे रतिया पुलिस द्वारा जमानत पर रिहा किया गया था।

#### चेयरमैंन आरोप बताए निराधार

मैं 2020 तक गांव का सरपंच रहा। उस दौरान किसी ने कोई शिकायत नहीं की। अब साल 2024 में शिकायत दी गई। यह सब द्वेष की भावना से आरोप लगा रहे हैं। मैंने सरपंच पर कोई हमला नहीं किया बल्कि सरपंच सर्वजीत सिंह ने ही मुझ पर हमला किया था। इनके सारे आरोप निराधार हैं।
**- धर्मपाल शर्मा, चेयरमैन मार्केट कमेटी फतेहाबाद**

## रिटायर्ड कर्मचारी 29 को करेंगे मंत्री आवास का घेराव

■ मासिक बैठक 7 अक्टूबर मंगलवार को प्रात: 10 बजे पुराना बस स्टैण्ड, जाट धर्मशाला के पास स्थित रेस्ट हाऊस में होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

रिटायर्ड कर्मचारी संगठन के आह्वान पर प्रदेशभर के रिटायर्ड कर्मचारियों द्वारा अपनी मांगों को लेकर 29 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे हिसार कमीश्नरी के तहत कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा के निवास स्थान पर धरना देकर घेराव किया जाएगा। इस प्रदर्शन में फतेहाबाद जिले से भी रिटायर्ड कर्मचारी बढ़चढ़ कर भाग लेंगे। प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर रिटायर्ड कर्मचारी संगठन फतेहाबाद की मासिक बैठक 7 अक्टूबर मंगलवार को प्रातः 10 बजे पुराना बस स्टैण्ड, जाट धर्मशाला के पास स्थित रेस्ट हाऊस में होगी। इस मीटिंग में रिटायर्ड कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर भी चर्चा की जाएगी। महासचिव सुभाष चन्द्र चौहान ने बताया कि इस बैठक की अध्यक्षता संगठन के जिला प्रधान मुंशीराम कम्बोज करेंगे वहीं निहाल सिंह मताना व रिटायर्ड पुलिस कर्मचारी एसोसिएशन के प्रधान रणधीर सिंह डबास विशेष तौर पर भाग लेंगे। बैठक के माध्यम से सरकार से मांग की जाएगी कि 65, 70, 75 वर्ष की आयु उपरांत क्रमशः 5, 10 व 15 प्रतिशत की बेसिक पेंशन में बढ़ोतरी की जाए। पंजाब और हिमाचल में यह नियम पहले ही लागू है। इसके अलावा चिकित्सा भत्ता 3 हजार मासिक किया जाए। कम्युटेशन की रिकवरी 15 वर्ष से घटाकर पहले की तरह 12 वर्ष की जाए।

### फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर बैठक

**रतिया।** खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय में फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने अधिकारियों, सरपंचों और नंबरदारों से कहा कि किसान धान की फसल अवशेष (पराली) में आग न लगाएं। यदि कोई किसान पराली जलाता पाया गया तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पराली जलाने से भूमि के अंदर मौजूद लाभदायक जीवाणु नष्ट हो जाते हैं। इससे उपजाऊ शक्ति धीरे-धीरे समाप्त हो जाती है। उन्होंने किसानों को चॉपर, मल्चर और सुपर सीडर के जरिये फसल अवशेषों को मिट्टी में मिलाकर इन-सीटू प्रबंधन करने की सलाह दी। सब्जी वाली फसलों के लिए किसान स्ट्रॉ बेलर से पराली की गांठ बनवाकर एक्स-सीटू प्रबंधन अपना सकते हैं।

## फोटोग्राफी व कला प्रदर्शनी का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

■ समाज की सभी वर्गों के लोगों से इस अभियान में बढ़ चढकर भाग लेने की अपील की

फतेहाबाद। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव गायत्री ने कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर कानूनी सहायता के माध्यम से न्याय विषय पर राष्ट्रीय फोटोग्राफी एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इच्छुक प्रतिभागी जिसमें आम नागरिक, कलाकार, छात्र, अधिवक्ता, स्वयंसेवक एवं विधिक सेवा से जुड़े व्यक्ति भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रतिभागी अपनी फोटोग्राफ, पेंटिंग, रेखा चित्र अथवा अधिकतम 1 मिनट की वीडियो प्रविष्टियां 7 अक्टूबर तक लघु सचिवालय द्वितीय खंड के समीप स्थित जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। सभी प्रविष्टियां न्याय विषय पर आधारित होनी चाहिए। सीजेएम गायत्री ने स्पष्ट किया कि प्रदर्शनी हेतु प्राप्त सभी प्रविष्टियां नालसा की संपत्ति मानी जाएगी और नालसा इन्हें जागरूकता प्रचार अथवा अभिलेख उद्देश्यों के लिए बिना किसी पूर्व अनुमति अथवा भुगतान के प्रयोग कर सकेगा। सभी वर्गों के लोगों से इस अभियान में बढ़ चढकर भाग लेने की अपील की और कहा कि दृश्य कला और फोटोग्राफी के माध्यम से न्याय सबके लिए के संदेश को जन-जन तक पहुंचा जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### नशीला पदार्थ देने से युवक की मौत का मामला

**फतेहाबाद।** नशीला पदार्थ देने से एक युवक की मौत होने के मामले में थाना सदर रतिया पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवकों की पहचान हरजिंद्र सिंह उर्फ बिट्टू पुत्र सुच्चा सिंह व संदीप उर्फ सन्नी पुत्र हरजिंदर सिंह निवासी खुनन, रतिया के रूप में हुई है। थाना सदर रतिया प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह ने बताया कि इस बारे पुलिस ने मंगल सिंह पुत्र अजीत सिंह निवासी खुनन की शिकायत पर केस दर्ज किया था। पुलिस को दी शिकायत में मंगल सिंह ने बताया कि उसका बेटा दिलशान बीमार रहता था।

### भूना में मनोनीत पार्षदों ने ली शपथ

**भूना।** भूना शहर में नगरपालिका की मीटिंग हुई। मीटिंग में मनोनीत पार्षदों पूनम सिंगला व जम्मू राम कंबोज को पद की शपथ भी दिलाई गई। मीटिंग की अध्यक्षता चेयरपर्सन अपर्णा पसरीजा ने की। इस दौरान बीजेपी के जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा भी मौजूद रहे। दो नए मेंबर जुडने के बाद अब भूना नगरपालिका में पार्षदों की संख्या 17 हो गई है। बीजेपी जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने कहा कि भूना शहर में पिछले दिनों भारी बारिश के कारण दुकानदार व लोगों को काफी नुकसान हुआ है। नगरपालिका प्रशासन जिसको भी नुकसान हुआ हो, उसको मुआवजा दिलाने का काम करें। कोशिश करें कि कोई भी पीड़ित मुआवजे से वंचित न रहें। मीटिंग के दौरान शहर के विकास कार्यों पर चर्चा हुई।

### जैन स्थानक में जन्म-दीक्षा जयंती महोत्सव 5 को

**फतेहाबाद।** एसएस जैन सभा के प्रधान सुरेन्द्र मित्तल ने बताया कि रतिया चुंगी के नजदीक श्याम नगर में स्थित एस. एस जैन सभा के जैन स्थानक में चातुर्मास हेतु विराजमान शासन प्रभाविका उपप्रवर्तनी गुरुणी महासाध्वी कैलाशवती जी म. की सुशिष्या जैन ज्योति, संलेखना, संधारा साधिका उपप्रवर्तनी गुरुणी महासाध्वी कुसुम प्रभा जी म. की शिष्याएं शासन दीपिका साध्वी समता जी मा., तपरश्मि साध्वी भविका जी म. ठाणे-2 के पावन सान्निध्य में आत्म-शुक्ल शिव-अमर- कुसुम जन्म जयन्ती दीक्षा जयन्ती समारोह 5 अक्टूबर को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक सिद्धान्त जैन, अग्रवाल सभा के सरंक्षक देवीदयाल तायल, पूर्व विधायक दुड़ाराम, टोहाना नगरपरिषद के चेयरमैन नरेश कुमार बंसल मुख्य अतिथि होंगे।

### घग्गर का जलस्तर कम होने से किसानों को राहत

**फतेहाबाद।** पहाड़ों में हुई बरसात के बाद उफान पर चल रही घग्गर नदी का जलस्तर अब धीरे-धीरे कम होने लगा है। जलस्तर कम होने के बाद घग्गर के आसपास रहने वाले किसानों ने राहत की सांस ली है। इसी खुशी में और वाहेगुरु का आभार व्यक्त करने के लिए जाखल घग्गर नदी के किनारे तीन दिवसीय अखंड पाठ का आयोजन किया जा रहा है। यह पाठ शुक्रवार को शुरू हुआ, जो कि रविवार तक चलेगा। बता दें कि पिछले एक महीने से शिवालिक की पहाडियों में लगातार भारी बारिश के कारण घग्गर नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा था। इससे किसानों में काफी चिंता थी और वे दिन-रात नदी के किनारे निगरानी कर रहे थे। जलस्तर घटने के बाद किसानों ने राहत की सांस ली। किसानों ने बताया कि उन्होंने गुरुद्वारा साहिब में मन्नत मांगी थी कि परमात्मा उनके क्षेत्र को सुरक्षित रखे।

### पंजाबी विद्यार्थी अध्यापक सम्मान समारोह 5 को

**रतिया।** पंजाबी अध्यापक एवं भाषा प्रचार प्रसार सोसाइटी हरियाणा द्वारा प्रदेश में श्री गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहादत दिवस को बहुत ही आदर व सम्मान स्वरूप मनाया जा रहा है। पहली कड़ी में गुरद्वारा श्री अंगीठा साहिब नथवान, रतिया में 5 अक्टूबर को सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप मे संत बाबा जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल, चैयरमैन धर्म प्रचार कमेटी हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी, सुरिन्दर सिंह एसडीएम रतिया, संगीता बिश्नोई जिला शिक्षा अधिकारी फतेहाबाद, बलदेव सिंह दंदीवाल समाज सेवी विशिष्ट अतिथि के रूप में रहे।

### पुलिस विभाग के सहयोग के लिए पुलिस बूथ निर्माण का लिया संकल्प

## ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी ने मनाया दशहरा

विजयादशमी पर परंपरागत विधिवत रूप से शस्त्र पूजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। शस्त्र पूजन करते ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी फतेहाबाद द्वारा विजयादशमी के पावन पर्व पर परंपरागत विधिवत रूप से शस्त्र पूजन किया गया। संस्था के पदाधिकारियों और सदस्यों ने मिलकर शस्त्रों की पूजा-अर्चना कर समाज में धर्म, सत्य और न्याय की विजय का संदेश दिया और सत्य के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। जिला महासचिव धर्मपाल चावला ने बताया कि इस कार्यक्रम के दौरान संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष साहिबदयाल वधवा ने कहा कि आज के इस शुभ अवसर पर हम सबको धर्म एवं राष्ट्रीयता की सोच के साथ अपने प्रगति पथ पर चलते हुए समाज सेवा की दिशा में भी सदैव अग्रसर रहने का संकल्प लेना चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष औम प्रकाश चुघ ने दशहरा पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बुराई चाहे कितनी भी बड़ी क्यूं ना हो, सत्य और धर्म की विजय निश्चित है। आज के दिन किया जाने वाला शस्त्र पूजन केवल एक धातु पूजन नहीं, बल्कि साहस, एकता की भावना के साथ-साथ, समाज के प्रति हमारे कर्तव्यों का बोध और न्याय का प्रतीक है। जिला अध्यक्ष व पार्षद रवि महता तथा विधानसभा अध्यक्ष व पार्षद अर्जुन कटारिया के सुझाव पर इस पावन पर्व पर फतेहाबाद निवासियों की सुविधा हेतु एक पुलिस बूथ बनाने का सुझाव दिया गया जिसे सहर्ष स्वीकार कर लिया गया।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर कानूनी सलाहकार राजेंद्र कुकड़ेजा, प्रदेश प्रवक्ता विनोद अरोड़ा, महिला जिला अध्यक्षा राखी मक्कड़, चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डॉ आशीष वधवा, जिला महिला उपाध्यक्षा डॉ. सुमन बजाज, सुदर्शन नरूला, अंजू दानी, ममता रहेजा, अंजलि कामरा, सुभाष मेहंदीरत्ता, हेमराज बजाज, गुलशन ग्रोवर, यशपाल बजाज, दीपा आहूजा, राजेश मोंगा, नीतू अनेजा, पिंकी शर्मा, कृष्ण शर्मा सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### धमकी देने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** थाना कालांवाली पुलिस ने महिला का पीछा करने व हमला करने की नीयत से घर में घुसकर जान से मारने की धमकी देने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियो की पहचान नवदीप सिंह व सुखमनी सिंह के रूप में हुई है। आरोपियों के कब्जा से वारदात में प्रयोग कार व एक लोहा गरारी भी बरामद की गई है।

### मूर्ति स्थापना दिवस पर लगाया भंडारा

**सिरसा।** सिद्ध श्री बाबा बालक नाथ मंदिर में बाबा बालक नाथ एवं दुर्गा माता का 27वां मूर्ति स्थापना दिवस व भंडारा बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत देवास्थान से हुई तथा उसके बाद ध्वजारोहण की रस्म अदा की गई। इसके बाद कन्या पूजन एवं अटूट भंडारा वितरण किया गया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया व बाबा जी की जीवन कथा का कार्यक्रम मंदिर से जुड़े बच्चों ने बहुत ही अच्छी प्रस्तुति की मंदिर सचांलक सुरेश गुप्ता ने बाबाजी के जीवन से जुड़े वक्तव्य सांझा किए।

### महर्षि गौतम के बताए मार्ग का करें अनुसरण

**सिरसा।** महर्षि गौतम आश्रम में तीन दिवसीय मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन महर्षि गौतम आश्रम सेवा संस्था द्वारा किया गया। कार्यकारी अध्यक्ष विजय शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि उद्योगपति विनोद जोशी थे जबकि विशिष्ट अतिथियों के रूप में प्रदेशाध्यक्ष श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महासभा, हरियाणा इंद्र पाहिवाल, ब्राह्मण महासभा के प्रधान सुशील शर्मा, ब्राह्मण सभा के प्रधान प्रो. दयानंद शर्मा, श्रवण उपाध्याय, महावीर जोशी, भादर जोशी, बुधराम जोशी, डॉ. मनोज तिवाड़ी, स. बूटा सिंह व मोहित शर्मा ने शिरकत की।

### कार्तिकेय शर्मा का एमबीबीएस में चयन

**सिरसा।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिरसा के होनहार छात्र कार्तिकेय शर्मा का चयन एमबीबीएस में हुआ है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन मलिक ने उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में अनुभवी स्टाफ द्वारा बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ रोजगार के क्षेत्रों में भी बेहतर तरीके से मार्गदर्शन किया जा रहा है, ताकि आगे चलकर उनके सामने रोजगार की समस्या न आए।

### आरटीआई में मांगी कैदियों के कल्याण से संबंधित सूचना

**सिरसा।** जिला जेल में बंद कैदियों बारे प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की सूचना मांगी है। आरटीआई में योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित रिकार्ड को जांचने का भी आग्रह किया गया है। आरटीआई एक्टिविस्ट पवन पारिक एडवोकेट ने सिरसा जेल के राज्य जनसूचना अधिकारी से आरटीआई मांगी है। जिसमें कैदियों के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी मांगी है। वेल्फेयर स्कीम से संबंधित फाइल व रिकार्ड को जांचने का आग्रह किया गया है।

## स्वच्छ जीवनशैली के लिए संतुलित आहार व नियमित व्यायाम का दिया संदेश

# सेवा पखवाड़ा : एमएम कॉलेज के वॉलंटियर्स ने नशे के खिलाफ निकाली साइकिल रैली

- हेल्दी लाइफ स्टाइल पर सेमिनार का भी आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

मनोहर मैमोरियल कॉलेज में चल रहे सेवा पखवाड़े के अंतर्गत आज एनएसएस और रेड रिबन क्लब द्वारा विभिन्न तरह की गतिविधियों का आयोजन किया गया। नएसएस वॉलंटियर्स द्वारा नशे के खिलाफ जागरूकता को लेकर साइकिल रैली निकाली गई वहीं पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके अलावा रेड रिबन क्लब द्वारा 'हेल्दी लाइफ स्टाइल' विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजित किया गया।

एनएसएस इंचार्ज डॉ. विकेश सेठी व प्रो. प्रतिभा मखीजा के नेतृत्व में निकाली गई इस साइकिल रैली को प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने कॉलेज से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साइकिलों पर सवार वॉलंटियर्स लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश देते हुए पपीहा पार्क पहुंचे जहां इसका समापन किया गया। इसके अलावा वॉलंटियर्स ने पोस्टरों के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों को बताया वहीं स्वयं नशा न करने और दूसरों को इसके लिए जागरूक करने का भी संकल्प दोहराया। रेड रिबन क्लब द्वारा इंचार्ज प्रो. प्रतिभा मखीजा के नेतृत्व में आयोजित सेमिनार में मुख्य वक्ता के तौर पर पहुंची योगा टीचर एवं फिजियोथेरेपिस्ट लक्ष्मीवर्धन ने स्वस्थ जीवनशैली विषय पर विद्यार्थियों के साथ अनेक महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की। कार्यक्रम में मंच संचालन प्रो. शिम्पा ने किया।



**फतेहाबाद।** एमएम कॉलेज से साइकिल रैली को रवाना करते प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास।

### बीमारियों से मुक्त रहेंगे

उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवन का अर्थ केवल बीमारियों से मुक्त रहना नहीं है, बल्कि यह एक ऐसी स्थिति है जिसमें व्यक्ति शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से पूरी तरह से अच्छा महसूस करता है। एक स्वस्थ जीवनशैली हमें न केवल एक लंबा जीवन देती है, बल्कि इसे खुशहाल और ऊर्जा से भरपूर भी बनाती है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवनशैली कोई कठिन काम नहीं है। संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद और तनाव प्रबंधन के माध्यम से हम न केवल बीमारियों से बच सकते हैं, बल्कि अपने जीवन की गुणवत्ता को भी बढ़ा सकते हैं। हमें अपने भोजन में ताजे फल, सब्जियां, साबुत अनाज और दालें शामिल करनी चाहिए। साथ ही, जंक फूड, अत्यधिक चीनी और वसायुक्त भोजन से बचना चाहिए। नियमित व्यायाम को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना बेहद जरूरी है। आप अपनी पसंद के अनुसार कोई भी गतिविधि चुन सकते हैं, जैसे योग, दौडना, साइकिल चलाना या कोई खेल खेलना। आधुनिक जीवन में तनाव एक बड़ी समस्या है।

### स्वच्छ भारत मिशन के तहत एनसीसी गर्ल्स कैडेट्स ने निकाली रैली

**सिरसा।** सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय की एनसीसी गर्ल्स की तृतीय बटालियन ने शुक्रवार को स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत साइकिल रैली निकाली तथा स्वच्छता के प्रति नागरिकों को जागरूक किया। प्राचार्या डॉ. रंजना ग्रोवर ने कहा कि स्वच्छ भारत-निर्मल भारत सभी का सांझा संकल्प होना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन को घर घर पहुंचानें का उद्देश्य हम सभी नागरिकों का होना चाहिए। महाविद्यालय की एनसीसी प्रभारी डॉ. रचना कंबोज ने कैडेट्स को स्वच्छता का महत्व बताया व हमेशा स्वच्छ भारत मिशन के लिए कार्य करते रहनें के लिए प्रेरित किया।

### सीडीएलयू में चलाया स्वच्छता ही सेवा अभियान

*सिरसा। चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय में गांधी जयंती के उपलक्ष्य में स्वच्छता ही सेवा है अभियान के तहत विभाग में सफाई कार्यक्रम किया गया जिसमें प्रथम और द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने बढ़-चढकर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत इतिहास व पुरातत्व विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. मोनिका वर्मा और विभाग प्रभारी डॉ. नीलम रानी के द्वारा महात्मा गांधी जी की वंदना करते हुए उन्हें पुष्प अर्पण किए गए। डॉ. नीलम रानी ने विद्यार्थियों से महात्मा गांधी जी के जीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंगों को सांझा किया। उन्होंने विद्यार्थियों को सफाई के बारे में जागरूक किया। सभी विद्यार्थियों और अध्यापक गणों ने विभाग की उत्साहपूर्ण सफाई की। इसके उपरांत विधार्थियों के द्वारा सुंदर रंगोली बनाई गई। कार्यक्रम के अंत में विभागाध्यक्ष प्रो. मोनिका वर्मा ने विद्यार्थियों को महात्मा गांधी जी का राष्ट्र निर्माण में योगदान और गांधी जी के स्वच्छता को लेकर क्या विचार थे, उनके बारे में बताया और कहा कि विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. विजय कुमार के नेतृत्व में विश्वविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता ही सेवा है अभियान जोरो-शोरो से चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में डॉ. ऋतु रानी, पंकज गर्ग और सभी रिसर्च स्कॉलर भी मौजूद थे।*


**फतेहाबाद।** इनेलो नेताओं के साथ डीसी को ज्ञापन सौंपती सुनैना चौटाला।

### सुनैना चौटाला ने किया मंडी का दौरा

# कटौती के नाम पर किसानों से हो रही लूट पर जताई चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

इनेलो महिला प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला ने शुक्रवार को फतेहाबाद अनाज मण्डी का दौरा किया। इस दौरान इनेलो नेता ने मण्डी में फसल लेकर आए किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याएं जानी वहीं अनाधिकृत कटौती के नाम पर किसानों के साथ हो रही लूट पर भी चिंता जताई। इसके बाद सुनैना चौटाला ने इस मामले को लेकर उपायुक्त से भी मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपकर मण्डियों में किसानों से हो रही लूट को तुरंत बंद करने और निर्धारित मूल्य पर फसलों की खरीद करने की मांग की। इसके अलावा इनेलो नेताओं ने अतिक्रमण हटाने के नाम पर शहर में की गई तोड़फ़ोड़ की कड़े शब्दों में निंदा की और इस कार्रवाई को तुरंत रोकने की मांग की। इसके बाद सुनैना चौटाला ने फतेहाबाद के प्रमुख शिक्षाविद् बनवारी लाल तनेजा के निधन पर शोक भी जताया। सुनैना चौटाला ने कहा कि बाजरा, कपास और धान आदि फसल की खरीद में धांधली कर किसानों के साथ लूट की जा रही है।


**फतेहाबाद।** अनाज मण्डी में इनेलो नेताओं के साथ फसल खरीद का जायजा लेती सुनैना चौटाला।

### एमएसपी नहीं मिल रही

सुनैना चौटाला ने कहा कि सरकार द्वारा बाजरा का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2775 रुपये, कपास का 8110 रुपये और धान का 2369 व 2389 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। सरकारी खरीद एजेंसियों और व्यापारियों की मिलीभगत के कारण नमी आदि की आड़ लेकर किसानों की फसल न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम दरों पर बेचने के लिए उन्हें मजबूर किया जा रहा है। इस कारण किसानों को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। विडम्बना यह है कि किसानों को दिए जाने वाले जे-फार्म में भी जो फसल बेचने के बाद राशि अंकित की जाती है, वास्तव में उसकी अदायगी भी नहीं की जा रही।

# त्योहारों पर ऑनलाइन शॉपिंग सावधानी से करें, वरना खाली हो सकता है खाता

- फतेहाबाद पुलिस ने बढ़ते ऑनलाइन शॉपिंग फ्रॉड के प्रति लोगों को जागरूक किया

**फतेहाबाद।** त्योहारी सीजन में जहां बाजारों में रौनक है, वहीं ऑनलाइन शॉपिंग का चलन भी चरम पर है। लेकिन इसी डिजिटल सुविधा का फायदा उठाकर साइबर ठग आमजन को बड़ी चपत लगा रहे हैं। फतेहाबाद पुलिस ने बढ़ते ऑनलाइन शॉपिंग फ्रॉड के मद्देनजर एक विशेष एडवाइजरी जारी करते हुए नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन द्वारा जारी की गई एडवाइजरी में कहा गया है कि त्योहारी ऑफर्स के नाम पर लोगों को लालच देकर ठगा जा रहा है। साइबर अपराधी तरह-तरह के लालच दे रहे है।


एसपी सिद्धांत जैन।

### भरोसे में लेकर ठगी

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर आर्मी पर्सन या सरकारी कर्मचारी बनकर साइबर ठग भरोसा जीतते हैं और फिर एडवांस ट्रांजैक्शन के नाम पर पैसे ऐंठ लेते हैं। ये एक आम ट्रेंड बन चुका है, जिससे सावधान रहने की आवश्यकता है। ऑनलाइन शॉपिंग फ्रॉड से बचाव के लिए फतेहाबाद पुलिस ने सुझाव दिए गए हैं कि केवल वेरिफाइड वेबसाइटों से ही खरीदारी करें। बेहद सस्ते ऑफर्स या लुभावनी स्कीमों से सावधान रहें, ये अक्सर फ्रॉड होते हैं। किसी भी परिस्थिति में अपने डेबिट/क्रेडिट कार्ड की जानकारी, ओटीपी या बैंक डिटेल्स साझा न करें। कस्टमर केयर नंबर केवल अधिकारिक वेबसाइट या ऐप से ही लें, गूगल सर्च में दिखने वाले नंबर कई बार फर्जी होते हैं। कई मामलों में फर्जी डिलीवरी एजेंट पेंडिंग चार्ज या रिफंड के नाम पर ग्राहक को यूपीआई लिंक भेजते हैं और जैसे ही ग्राहक लिंक पर क्लिक करता है, उसका खाता खाली हो जाता है। ऐसे में ध्यान रखें कि किसी भी वैध डिलीवरी के लिए यूपीआई लिंक स्कैन करने की जरूरत नहीं होती।

### ग्रीन पटाखा बिक्री लाइसेंस के लिए 14 तक करें आवेदन

**सिरसा।** दीपावली, गुरु पर्व, क्रिसमस डे एवं नववर्ष के अवसर पर केवल ग्रीन पटाखों की बिक्री के लिए अस्थायी लाइसेंस जारी किए जाएंगे। जिलाधीश शांतनु शर्मा ने बताया कि दीपावली पर्व पर अस्थाई पटाखा स्टॉल (केवल ग्रीन पटाखा) की बिक्री के लिए अस्थायी लाइसेंस जारी किए जाएंगे। इच्छुक व्यक्ति अपने आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों सहित संबंधित उपमंडलाधीश कार्यालय में 10 से 14 अक्तूबर सायं 5 बजे तक जमा करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि अस्थाई पटाखा स्टॉल के लिए आगामी 15 अक्तूबर को स्थानीय पंचायत भवन सिरसा में ड्रा निकाला जाएगा।

### चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय में सेवा पखवाड़े के तहत कार्यक्रम

# विद्यार्थियों ने सड़क नियमों के पालन का लिया संकल्प

एएसपी ने छात्रों को सड़क नियमों की जानकारी दी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय में सेवा पखवाड़े के तहत सडक़ सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में सिरसा के एएसपी फैसल खान ने विद्यार्थियों को यातायात संकेतों, हेलमेट और सीट बेल्ट के महत्व तथा नशे में गाड़ी चलाने के खतरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने शिक्षा विभाग के प्रतिनिधियों से सडक़ सुरक्षा को पाठ्यचर्या और जीवनशैली का हिस्सा बनाने पर बल दिया।

मुख्य वक्ता ट्रैफिक ऑफिसर सौरव ने सडक़ सुरक्षा नियमों के पालन को जीवन की सुरक्षा से जोड़ते हुए विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारी दी।

### सड़कों पर लापरवाही के कारण हो रहे हादसे

*उन्होंने कहा कि सडक़ दुर्घटनाएं केवल लापरवाही का परिणाम होती हैं, जिन्हें यातायात नियमों के पालन से रोका जा सकता है। इस अवसर पर डीन, फैकल्टी ऑफ एजुकेशन प्रो. निवेदिता ने कहा कि युवाओं को सडक़ सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाना समय की आवश्यकता है, क्योंकि वे समाज के जिम्मेदार नागरिक बनकर देश की प्रगति में योगदान देंगे। शिक्षा विभाग की अध्यक्ष प्रो. मीना कुमारी ने मेहमानों का स्वागत किया और डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. राजकुमार ने धन्यवाद किया।*

### बाइक सवारों से नशा बरामद

# 11.40 ग्राम हेरोइन सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने हेरोइन तस्करी के आरोप में दो आरोपियों को पकड़ा है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान होशियार सिंह निवासी गांव चौबुर्जा व कर्ण निवासी ढाणी रामपुरा के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 11 ग्राम 40 मिलीग्राम हेरोइन भी जब्त की है। एएनसी प्रभारी पीएएसआई राजेंद्र ने बताया कि एएनसी की एक टीम एएसआई अशोक कुमार के नेतृत्व में रानियां चुंगी से इंडस्ट्रियल एरिया सिरसा की ओर जा रही थी। इस दौरान पुलिस टीम ने मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्ध युवकों को काबू किया। तलाशी के दौरान जांच में उनके कब्जे से11 ग्राम 40 मिलीग्राम बरामद हुई।

### यहां भी पकड़े

उधर, सीआईए डबवाली पुलिस ने तख्तमल फाटक के समीप से युवक को 6.87 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। नजदीक डीएवी स्कूल कालांवाली से 6.87 ग्राम हेरोइन सहित नशा तस्कर को काबू करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए आरोपित की पहचान हरदीप सिंह निवासी पाना के रूप में हुई है। सीआईए डबवाली प्रभारी राजपाल ने बताया कि एएसआई सुभाष पुलिस पार्टी के साथ गश्त दौरान तहसील कार्यालय कालांवाली से होते हुए तख्तमल फाटक की ओर जा रहे थे।

### अणुव्रत उद्बोधन सप्ताह में कार्यक्रम

# जैन स्कूल में अणुव्रत काव्यधारा कवि गोष्ठी में पर्यावरण संरक्षण का आह्वान

गोष्ठी में सांप्रदायिक सौहार्द का भी संदेश दिया गया

**सिरसा।** अणुव्रत उद्बोधन सप्ताह के तहत शुक्रवार को साध्वी संयमप्रभा के सान्निध्य में सांप्रदायिक सौहार्द दिवस व अणुव्रत काव्यधारा कवि गोष्ठी एसएस जैन कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मनाया गया।

इस सिलसिले में श्रद्धालु आनंद जैन ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ नमस्कार मंत्र उच्चारण से साध्वीश्री शशिकला ने किया जबकि राजेश पुगलिया ने अणुव्रत गीत का संगान करके मंगलाचारण किया।


**सिरसा।** अणुव्रत काव्यधारा कवि गोष्ठी में भाग लेते कवि।

### कविताएं सुनाकर किया भाव विभोर

जैन स्कूल के चेयरमैन मक्खनलाल गोयल, प्रबंधक हनुमानमल गुजरानी, महिला मंडल अध्यक्ष कुसुम गोयल, रविंद्र गोयल एडवोकेट ने आए हुए कवियों रजकुमार निजात, हरीश सेठी झिलमिल, प्रो. रुप देवगुण, डॉ. शील कौशिक, मेजर शक्तिराज कौशिक को अणुव्रत की पट्टिकाएं पहनाकर स्वागत किया। उपरोक्त सभी कवियों ने उपस्थितजनों को पर्यावरण, सांप्रदायिक सौहार्द, नैतिकता व अणुव्रत आधारित कविताएं सुनाकर भाव विभोर कर दिया। इसके बाद साध्वी उज्जवलायशा ने भी कविता प्रस्तुत की। साध्वी शशिकला ने सांप्रदायिक सद्भावना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज के सभी वर्ग आपसी मैत्री व सौहार्द बनाएं रखें।

### वर्चुअल शामिल हुए सीएम सैनी

# सीएम ने गदराना के आंगनवाड़ी नवीनीकरण भवन का किया उद्घाटन

**सिरसा।** जिला के गांव गदराना में डी-प्लान योजना के तहत आंगनबाड़ी केंद्र के नवीनीकरण भवन का उद्घाटन मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वर्चुअल तरीके से किया। इस मौके पर आयोजित समारोह में सरपंच समरपाल कौर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। सरपंच ने कहा कि स्वस्थ नारी सशक्त परिवार देश का आधार है। महिलाओं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना समाज को मजबूत करने के लिए आवश्यक है। इस दिशा में सरकार बच्चों, किशोरियों, गर्भवती महिलाओं को पोषक पदार्थ उपलब्ध करवा रही है।

### क्रेच नीति लागू

उन्होंने बताया कि हरियाणा देश का पहला राज्य है, जिसने कामकाजी महिलाओं के छोटे बच्चों की देखभाल के लिए विस्तृत क्रेच नीति लागू की है। इस मौके पर सबसे स्वच्छ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा सुपोषित आंगनवाड़ी केंद्र की कार्यकर्ताओं को मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। प्रत्येक खंड से 3-3 कार्यकर्ताओं को यह सम्मान दिया गया। सम्मान स्वरूप 1100 रुपए की राशि कार्यकर्ताओं के खाते में ट्रांसफर की गई। इस मौके पर सोनिका, जसप्रीत कौर,परमजीत कौर, सावत्री, देवी, वीरपाल व अन्य मौजूद रहे।

# उद्यमियों की समस्याओं का किया समाधान

- जिला सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग ने लगाया शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा सेवा पखवाड़ा के तहत निजी संस्थान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सिंह सहरावत ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर उन्होंने उद्यमियों से व्यक्तिगत रूप से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना। कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया और शेष समस्याओं के त्वरित निपटान के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। जिला एमएसएमई केंद्र के उपनिदेशक दिनेश कुमार ने सभी का स्वागत किया और विभाग की विभिन्न सब्सिडी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।


**सिरसा।** उद्यमियों की बैठक को संबोधित करते एडीसी। फोटो : हरिभूमि

### 'प्लग एंड प्ले मिनी क्लस्टर विकास योजना'

उन्होंने 'प्लग एंड प्ले मिनी क्लस्टर विकास योजना' के बारे में बताते हुए कहा कि इसमें 5 एकड़ भूमि को उद्योग लगाने के लिए विकसित किया जाता है और 5 करोड़ रुपये तक की ग्रांट दी जाती है। इसके साथ ही उन्होंने 'पदमा योजना' के बारे में बताया कि इसमें 15 एकड़ से 100 एकड़ तक के औद्योगिक विकास पर 50 से 85 प्रतिशत तक सब्सिडी उपलब्ध करवाई जाती है। इस अवसर पर मोरीवाला इंडस्ट्रियल क्लस्टर एसोसिएशन के प्रधान सुनील अग्रवाल और जनरल इंजीनियरिंग क्लस्टर के प्रधान संजय गोयल भी मौजूद रहे।

### ड्रग फ्री प्रदेश | महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट ने कुकड़ांवाली में घोषित की 17 सदस्यीय टीम

# गांव को नशामुक्त करने की जिम्मेदारी युवाओं के कंधों पर : भवानी सिंह

नशा बेचने वालों के खिलाफ पुलिस की मदद से कठोर कार्रवाई की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिले में नशे के खिलाफ युवाओं को जागरूक करने और समाज को नशामुक्त करने के लक्ष्य के साथ युद्ध स्तर पर अभियान चला रहे महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक भवानी सिंह द्वारा गांव कुकड़ांवाली में जोगिन्द्र कुमार सरपंच की अगुवाई में 17 सदस्यीय युवाओं की टीम की घोषणा की है। यह टीम गांव में नशे के खिलाफ सशक्त होकर लड़ाई लड़ेगी। गांव के युवाओं को नशा न करने के लिए जागरूक किया जाएगा वहीं गांव में नशा बेचने वालों पर भी पुलिस प्रशासन के सहयोग से सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस टीम में सरपंच जोगिन्द्र कुमार, अतर सिंह, भागीरथ, कुलविन्द्र सिंह, मोनू, बलजिन्द्र, सुभाष, नरेन्द्र, हितेश, कमल कम्बोज, गोगी, विनोद, शिम्पू, राजेश, मोती लाल, आनंद सिंह व बलराज को शामिल किया गया है।


**फतेहाबाद।** गांव कुकड़ांवाली में टीम की घोषणा करते महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक भवानी सिंह।

### समाज की जड़ों को खोखला कर रहा

ट्रस्ट संस्थापक भवानी सिंह ने गांव में युवाओं को जागरूक करते हुए कहा कि दीमक की तरह नशा ने आज हमारे समाज की जड़ों को अंदर से खोखला कर दिया है। युवाओं में नशे का बढ़ता प्रचलन बेहद गंभीर चिंता का विषय है। समाज को इस बुराई को आजाद करवाने के लिए महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में बीड़ा उठाया है और इसकी शुरूआत फतेहाबाद जिले से की गई है। ट्रस्ट का प्रयास है कि जिले के गांव-गांव में युवाओं को एकजुट होकर कमेटियां गठित की जाए। भवानी सिंह ने युवाओं से अपील की कि वह गांव में घर-घर जाकर लोगों को नशे से होने वाले नुकसानों की जानकारी दी। अगर गांव में कोई युवा नशा करता मिलता है तो उससे बातचीत कर इस दलदल से बाहर निकालने में उसका सहयोग करें।